कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

माननीय कुलपति जी के विशेष निर्देश पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में वर्ष 2019 के प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के पश्चात रिक्त सीटों के सापेक्ष बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में अपने प्रमाण–पत्रों का सत्यापन कराया है) की तृतीय चरण की काउंसिलिंग (Third Counseling) ऑफलाईन मोड के आधार पर क्रमशः निम्न तिथियों एवं स्थान में आयोजित की जा रही है–

1. विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, नैनीताल – दिनांक 18 एवं 19 सितम्बर, 2019 (समय प्रातः 10.00 से 04.00 बजे तक)
2. एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा – दिनांक 20 एवं 21 सितम्बर 2019 (समय प्रातः 10.00 से 04.00 बजे तक)

समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाईट – www.kunainital.ac.in के माध्यम से दिनांक 16–09–2019 से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही अभ्यर्थी अपनी सुविधा के अनुरूप केन्द्रों में से किसी एक केन्द्र में उपस्थिति दर्ज कराकर काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

बी0एड0 प्रवेश परीक्षा–2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (जिन अभ्यर्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में अपने प्रमाण–पत्रों का सत्यापन कराया है) हेतु यह अंतिम अवसर विश्वविद्यालय प्रदान किया जा रहा है। बी0एड0 तृतीय चरण की काउंसिलिंग के पश्चात काउंसिलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया आयोजित नहीं की जायेगी।

यदि बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थान अपने स्तर से किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश देंगे ऐसे प्रवेशों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा।

13/9/19
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक – गोपनीय/2019/ दिनांक 13–09–2019

प्रतिलिपि– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांक 14–09–2019 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीलाल।
- उत्तरांचल दीप

2. निदेशक, डी0आई0सी0, कु0वि0वि0, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
3. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

13/09/19
परीक्षा नियंत्रक